कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी,बरेली

पत्रांक C-2054 /जि0का0अ0/बा0वि0परि/विज्ञप्ति/2023–24 दिनांक 15 मार्च 2024

आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेशसंख्या–19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10 टी0सी0 दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद के शहरी/ग्रमीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय बेवसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क्र.सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	रिक्त पदों का विवरण आंगनबाड़ी कार्यकत्री
1	आलमपुर जाफराबाद	ग्रामीण	22
2	रामनगर	ग्रामीण	13
3	शेरगढ़	ग्रामीण	11
4	दमखोदा	ग्रामीण	18
5	बहेड़ी	ग्रामीण	14
6	भुता	ग्रामीण	20
7	भदपुरा	ग्रामीण	12
8	नबावगंज	ग्रामीण	17
9	फतेहगंज पश्चिमी	ग्रामीण	20
10	भोजीपुरा	ग्रामीण	18
11	मीरगंज	ग्रामीण	18
12	बिथरी चैनपुर	ग्रामीण	10
13	क्यारा	ग्रामीण	13
14	शहर	शहरी	55
15	मझगवां	ग्रामीण	43
16	फरीदपुर	ग्रामीण	7
	योगः–		**311**

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्व विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील परिसर एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है साथ ही विभागीय वेबासाइट https://upanganwadibharti.in/ पर अपलोड हैं

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश:–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।
2. रिक्त पदों(आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा को स्थाई निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबासाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य /स्वीकार नहीं होगें।

CamScanner

6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

15/03/024

(मनोज कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
बरेली।

पृष्ठांकन सं0 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अवलोकनार्थ।
2. आयुक्त महोदया, बरेली मण्डल बरेली।
3. जिलाधिकारी महोदय, बरेली को अवलोकनार्थ।
4. नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
6. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी NIC बरेली को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञप्ति को NIC की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
7. समस्त उपजिलाधिकारी बरेली।
8. समस्त तहसीलदार बरेली को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
9. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बरेली को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. समस्त सदस्य आंगनबाड़ी चयन समिति, बरेली।
11. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को इस निर्देश के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करते हुये प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करें।
12. जिला सूचना अधिकारी को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति का जनपद में व्यापक प्रसार वाले एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के दैनिक समाचार पत्रों में न्यूनतम स्थान एवं दर में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
13. अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बरेली, को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
14. नाजिर कलेक्ट्रेट बरेली, को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
15. नाजिर विकास भवन बरेली, को नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
16. कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
बरेली।

CamScanner